संगीत की मनभावन स्वर लहरियों के संग सजा ग्वालियर गौरव दिवस

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 25 दिसंबर. संगीत की नगरी ग्वालियर में जन्मे देश के लाड़ले सपूत, भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी का सम्पूर्ण जीवन हम सबके लिए प्रेरणादायी है। यह हर्ष और गौरव का विषय है कि अटल जी की जयंती को ग्वालियर गौरव दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। यह विचार जिले के प्रभारी एवं जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने ग्वालियर गौरव दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह के शुभारंभ अवसर पर व्यक्त किए।

मेला मैदान में निर्मित विशाल मंच पर ग्वालियर गौरव दिवस का भव्य आयोजन हुआ। शुभारंभ प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट एवं ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर सहित अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा अटल जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया।

गौरव दिवस की संध्या को विश्व विख्यात गायक कैलाश खेर की ओजपूर्ण, भावभीनी और आत्मा को छू लेने वाली गायकी ने

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को नमन कर प्रभारी मंत्री सिलावट ने किया शुभारंभ

विश्व विख्यात गायक कैलाश खेर की सुरमयी प्रस्तुतियों ने बांधा समां

अविस्मरणीय बना दिया। कैलाश खेर की बुलंद आवाज़ में जब देशभक्ति, लोक-संवेदना और मानवीय भावनाओं से ओतप्रोत गीत गूंजे, तो श्रोता सुरों के सागर में डूबते चले गए। उनके स्वर कभी श्रद्धा बनकर झरे, कभी उत्साह बनकर लहराए और कभी आत्मचिंतन का मौन रच गए। पूरा वातावरण संगीत, साधना और गौरव की भावना से सराबोर हो उठा।

शुभारंभ अवसर पर प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि संगीत ग्वालियर की रग-रग में बसा है और यही नगरी कवि हृदय, जननायक अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मस्थली भी है। अटल जी ने देश को विकास की नई दिशा दिखाई और उसी मार्ग पर प्रदेश सरकार निरंतर आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि सरकार विकास के साथ-साथ कला, संस्कृति और संगीत को भी निरंतर प्रोत्साहित कर रही है।

ग्वालियर गौरव दिवस के उपलक्ष्य में मूर्धन्य गायक कैलाश खेर के गीतों, भजनों बवाल सूफियाना कलामों से सजी इस संगीतमयी संध्या का आनंद उच्च न्यायालय के माननीय न्यायमूर्ति गणों, संभागीय आयुक्त श्री मनोज खत्री, कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान, भारतीय वायुसेना के अधिकारियों, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री जयप्रकाश राजौरिया सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों तथा बड़ी संख्या में संगीत रसिक नागरिकों ने लिया।

कैलाश खेर की गायकी ने न केवल श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया, बल्कि ग्वालियर गौरव दिवस को सुर, संवेदना और स्मृतियों का जीवंत उत्सव बना दिया।

पटाखा फैक्ट्री के पास से अवैध शराब पकड़ी

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 25 दिसंबर. हाई अलर्ट पर चल रही पुलिस ने गिरवाई क्षेत्र में पटाखा फैक्ट्री के पास से अवैध शराब बेच रहे एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। शराब बिक्रेता से देशी शराब के 44 क्वार्टर मिले जिन्हें पुलिस ने मय वाहन के जब्त कर लिए। दूसरी कार्रवाई ग्वालियर थाना पुलिस ने करते हुए सेवा नगर पार्क के पास से आरोपी से 48 क्वार्टर जब्त किए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया है। गिरवाई थाना प्रभारी सुरेन्द्र नाथ यादव को सूचना मिली थी कि पटाखा फैक्ट्री के पास एक व्यक्ति खड़ा है जिसकी गतिविधियां संदिग्ध हैं। टीआई यादव ने पुलिस टीम को मौके पर भेजा तो फैक्ट्री के पास खड़ा व्यक्ति भागने की कोशिश करने लगा जिसे पुलिस ने पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम रामजीलाल शिवहरे निवासी हरिकोटा सीर जनकगंज बताया। आरोपी की तलाशी ली गई तो रामजीलाल शिवहरे के पास से देशी शराब के 44 क्वार्टर मिले। पुलिस ने आरोपी रामजीलाल की अवैध शराब पकड़ कर स्कूटी नम्बर एमपी 07एई-6934 को भी जब्त कर लिया।

सेवा नगर के पास अवैध शराब पकड़ी

सेवा नगर पार्क के पास रात के अंधेरे में अवैध शराब बेचने वाले को पुलिस ने पकड़ लिया। टीआई प्रशांत शर्मा ने बताया कि सूचना मिली थी कि सेवा नगर पार्क के पास से अवैध रूप से शराब बेची जा रही है। पुलिस मौके पर पहुंची और वहां से आरोपी अनुराग वर्मा पुत्र कुंदनलाल वर्मा निवासी हरिजन बस्ती गोसपुरा नम्बर एक को पकड़ लिया। आरोपी अनुराग वर्मा के पास से देशी शराब के 48 क्वार्टर मिले।

बाइक खड़ी करने को लेकर विवाद, युवक को धुना

ग्वालियर, 25 दिसंबर। बहोड़ापुर थाना क्षेत्र की लक्ष्मण तलैया प्रेम नगर में बाइक खड़ी करने को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि तीन युवकों ने एक राय होकर बाइक हटाने की कहने वाले की जमकर धुनाई कर दी। घटना बीते रोज शाम की है। पिटाई से चोटिल युवक पुलिस के पास पहुंचा और मारपीट की जानकारी दी। पुलिस ने तीन युवकों के खिलाफ मारपीट करने का मामला दर्ज कर लिया है। गुरजिंदर सिंह पुत्र जागीर सिंह निवासी प्रेम नगर लक्ष्मण तलैया के घर के सामने सोनू परिहार व मोनू परिहार ने बाइक खड़ी कर दी थी। घर से निकलने के दौरान गुरजिंदर सिंह ने पूछा कि बाइक किसकी है तो सोनू ने कहा मेरी है। बाइक को घर के सामने से हटाने को कहा तो सोनू परिहार व मोनू परिहार विवाद करने लगे।

पटेल विद्यालय में सृजन कार्यक्रम का आयोजन

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 25 दिसंबर. लोक शिक्षण संचालनालय मप्र भोपाल द्वारा राज्य में संचालित समस्त शासकीय स्कूलों में सृजन महोत्सव का कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश जारी किए गए थे। सांदीपनि शासकीय पटेल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ग्वालियर में सृजन कार्यक्रम का आयोजन संस्था के प्राचार्य जितेंद्र सिंह भदौरिया के निर्देशन एवं संस्था की उप प्राचार्य डॉ. सरिता तोमर के मार्गदर्शन में हुआ। सर्वप्रथम वीणा वादिनी मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई तत्पश्चात विद्यालय में अध्ययनरत छात्र छात्राओं के अभिभावकों के समक्ष विद्यार्थियों के द्वारा तैयार किए गए विशेष कलाओं द्वारा निर्मित विज्ञान मॉडल, संगीत, नृत्य, योग जैसे कई कार्यक्रमों को अभिभावकों के सामने प्रस्तुत किया, जिससे बच्चों के अंदर छिपी कला को सभी के सामने प्रदर्शित किया जा सके।

जिला शिक्षा अधिकारी हरिओम चतुर्वेदी जी स्थानीय पार्षद श्रीमती मीरा मानसिंह राजपूत एवं रविंद्र तोमर उपस्थित रहे। जिला शिक्षा अधिकारी ने अपने कहा कि कड़ी मेहनत से लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है बीते वर्ष की तरह इस वर्ष भी विद्यार्थियों को अच्छा परीक्षा परिणाम देने के लिए प्रोत्साहित किया गया।कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक शिक्षिकाओं का सम्मान किया गया जिन छात्र-छात्राओं ने विद्यालय स्तर पर जिला स्तर पर एवं राज्य स्तर पर सहभागिता की, एवं सर्वाधिक उपस्थित अनुशासन के लिए भी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। जिन शिक्षक शिक्षिकाओं के विगत वर्ष शतप्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा उन्हें भी विद्यालय की ओर से सम्मानित किया गया।

भाजपा के जिला उपाध्यक्ष ने अमित शाह को सौंपा ज्ञापन

ग्वालियर, 25 दिसंबर। मेला ग्राउंड परिसर में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से सौजन्य भेंट कर सुधीर गुप्ता जिला उपाध्यक्ष भाजपा महानगर ग्वालियर एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष नगर निगम ग्वालियर द्वारा द्वारा दो ज्ञापन भेंट किए। पहले ज्ञापन में कहा गया कि. राजमाता विजयाराजे सिंधिया का भव्य स्मारक ग्वालियर में बनाया जाए तथा तथा दूसरे ज्ञापन में साडा क्षेत्र में सशस्त्र सीमा बल नई दिल्ली को बटालियन हेतु ट्रेनिंग सेंटर एवं क्वार्टर निर्माण हेतु 37 एकड़ जमीन आवंटित की बात कही गई। तथा आइटीबीपी को सपोर्ट वेपन ट्रेनिंग स्कूल गृह मंत्रालय भारत सरकार की स्थापना हेतु 84 एकड़ भूमि दी गई है उक्त दोनों निर्माण गृह मंत्रालय से शीघ्र स्वीकृत कराने का विनम्र आग्रह किया.

पोर्च में खड़ी बाइक ले गए चोर

ग्वालियर, 25 दिसंबर। अभी तक तो बाइक चोरी की घटनाएं सड़क पर अंजाम दी जा रही थीं, लेकिन दुस्साहसी बदमाश घर के पोर्च में खड़ी बाइक को चोरी कर ले गए। घटना गोला का मंदिर थाना क्षेत्र के इंद्रमणि नगर में 20 दिसम्बर शाम की है। फरियादी बाइक को तलाशता रहा, जब कहीं नहीं मिली तो पुलिस के पास पहुंचा। पुलिस ने अज्ञात बाइक चोर के खिलाफ मामला कायम कर लिया है। शैलेन्द्र कनेरिया निवासी ई-2 इंद्रमणि नगर बाइक नम्बर एमपी30जेडसी-5143 को घर के पोर्च में खड़ा किया और अंदर चले गए। शाम को जब आकर देखा तो बाइक पोर्च में नहीं थी।

CHANGE OF NAME

I, **NIKITA LALA** Daughter of **NITISH ROY** is legally spouse of **SAMYADEEP DAS LALA** Presently Residing at Baruabari, Sonapur, P.O. & P.S.- Sonapur, District- Kamrup (M), State- Assam, Pin- 782402 have changed my Name from **NIKITA LALA** to **NIKITA ROY** due to mismatch in my Husband's Air Force Service Record.. Vide Affidavit No. PF 0027594333 Dated 03/12/2025 before District Court, Kamrup (Assam).

नामांकन विज्ञप्ति/आम-सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है नगर निगम ग्वालियर के क्षेत्र अंतर्गत मेरी संपत्ति क्ष. क्र. 09 वार्ड क्रमांक 27 भवन क्रमांक 284 स्थानः सम्भाजीराव कॉलोनी पर स्थित है जो विक्रेता स्नेह लता जैन/कैलाशचन्द्र जैन के नाम से नगर निगम में आई.डी. क्रमांक9000098420 पर दर्ज है। जिसका क्षेत्रफल 400 वर्ग फुट है। उक्त संपत्ति को मेरे द्वारा रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक और आर-1712250837115 दिनांक 18.12.2025 के द्वारा प्राप्त किया गया है। उक्त संपत्ति का मेरे द्वारा मध्य प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1956 के अंतर्गत धारा 167 के आशयों की पूर्ति संपत्तिकर एवं अन्य उपकार की वसूली हेतु नामांकन आवेदन जनमित्र केंद्र टप्पा तहसील मुरार पर दिनांक- 24.12.2025 को किया गया है। जिसका आवेदन कार्य 66/210 /74932/75022 है। उक्त के संबंध में यदि किसी को आपत्ति हो तो कार्यालय आयुक्त नगर निगम ग्वालियर सिटी सेंटर स्थित संपत्तिकर विभाग कक्ष क्रमांक 202/205 में प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के भी अवधि में लिखित में अपनी आपत्ति सुसंलग्न दस्तावेज सहित प्रस्तुत करें। नियत अवधि पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं उक्त कार्यालय द्वारा युक्तियुक्त निर्णय लिया जाएगा।

विज्ञप्ति जारी दिनांक: 25.12.2025
आवेदक नाम- सरोज जैन/विनोद जैन
पता- सम्भाजीराव कॉलोनी

CHANGE OF NAME

I, Golly Nath is Mother of Army No. 15161902M Rank BHM(OPR) name- Bibhuti Bhusan Nath, presently residing at Vill-Malugram, Post Panibhora, Tehsil-Sonai Dist-Cachar, State-Assam PIN-788123 do hereby solemnly affirm and state on oath as follows- I have changed my name from **GOLLY NATH** to **JOLLY RANI NATH** due to wrongly entered is my name in son's service documents. My date of birth is **01-07-1963** That both name **GOLLY NATH** and **JOLLY RANI NATH** pertains to one and the same person. I shall at all times hereafter in all records. Deeds and writing and in all proceeding dealing with transactions, private as well as under all occasions what so ever be known as only **JOLLY RANI NATH**. Vide Affidavit No. **BV 809996 dated 22/12/2025.**

नाम संशोधन सूचना

मैं सूबेदार मेजर ध्रुव सिंह चौहान निवासी डी.एम.-208, डी.डी. नगर ग्वालियर (म.प्र.) मेरे सर्विस रिकॉर्ड में मेरी पत्नी का नाम सन्तोष कुमारी लिख गया था, जो कि गलत है। मेरी पत्नी का सही नाम सन्तोष चौहान है। जो कि सही है। जन्म दिनांक 01.12.1959.

सूचनाकर्ता
सूबेदार मेजर ध्रुव सिंह चौहान
डी.एम.-208, डी.डी. नगर, ग्वालियर (म.प्र.)

आम सूचना

श्री गगन रावत पुत्र श्री राकेश के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की अचल सम्पत्ति भूखण्ड स्थित ग्राम भितरवार, तहसील एवं जिला ग्वालियर (म.प्र.) है जो नगर पंचायत भितरवार वार्ड क्र.09 में स्थित है जो भूमि सर्वे क्र.3574 एवं 3576 ग्राम भितरवार का भाग है एवं जिसका क्षेत्रफल 900 वर्गफुट है और चर्तुसीमा निम्न प्रकार है :- पूर्व में-रास्ता 15 फुट चौड़ा, पश्चिम में-भूमि विक्रेता एवं लाखन सिंह, उत्तर में-भूमि विक्रेता एवं दक्षिण में-भूमि मर्दन सिंह रावत है। उक्त सम्पत्ति एवं सलंग्न अन्य सम्पत्ति पूर्व में श्री बालकृष्ण पालीवाल पुत्र श्री अयोध्या प्रसाद पालीवाल के स्वत्व स्वामित्व की थी। श्री बालकृष्ण पालीवाल द्वारा अपने भाग की सम्पत्ति के संबंध में श्री अरविन्द पालीवाल पुत्र श्री युगल किशोर पालीवाल के हित में रजिस्टर्ड मुख्त्यारआम विलेख क्र.04 दिनांक 08.07.2009 को सम्पादित किया गया। श्री बालकृष्ण पालीवाल जर्ये मुख्त्यारआम श्री अरविन्द पालीवाल द्वारा उक्त सम्पत्ति श्रीमती सरोज पत्नी श्री राकेश सिंह को रजिस्टर्ड विक्रय विलेख क्र.371 दिनांक 10.05.2010 से विक्रय की गई। श्रीमती सरोज का स्वर्गवास दिनांक 18.09.2022 को हो जाने के उपरांत, उनके उत्तराधिकारी श्री गगन रावत पुत्र श्री राकेश उनकी सम्पत्ति के मालिक हुये एवं भू-राजस्व रिकॉर्ड में अपना नाम इंद्राज कराया गया। श्री गगन रावत द्वारा उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान वास्तु हाउसिंग फायनेंस कॉर्पोरेशन लि. ग्वालियर के समक्ष बंधक किया जाकर ऋण प्राप्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय को एवं श्रीमती सरोज के अन्य उत्तराधिकारियों को उक्त सम्पत्ति को मेरे पक्षकार के पक्ष में बन्धक किये जाने अथवा उक्त सम्पत्ति के स्वत्व स्वामित्व एवं आधिपत्य के सम्बन्ध में किसी प्रकार की आपत्ति होने पर एवं अन्य प्रकार के हित निहित होने पर अथवा कोई रजिस्टर्ड दस्तावेज होने पर दस्तावेज सहित मेरे कार्यालय में अथवा मेरे पक्षकार के कार्यालय में लिखित आपत्ति मय दस्तावेज इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर प्रस्तुत करें। उक्त अवधि के समाप्त होते ही उपरोक्त वर्णित अचल सम्पत्ति मेरे पक्षकार के पक्ष में बंधक की जाकर ऋण प्रदान करने की कार्यवाही की जावेगी। तत्पश्चात हर प्रकार की आपत्ति प्रभावहीन होकर शून्य होगी। कृपया सूचित हो।

प्रेषक
नीरज जैन, एडवोकेट
कार्या. -भवन क्र. 52, कैलाश विहार, फैडरल बैंक के पास सिटी सेन्टर, ग्वालियर (म.प्र.), मो.नं. 98276-72710

निर्यात एवं 'एक जिला एक उत्पाद' पर हुआ कार्यशाला का आयोजन

नवभारत न्यूज

ग्वालियर, 25 दिसंबर. ग्वालियर में आयोजित हुई मध्यप्रदेश अभ्युदय ग्रोथ समिट में निर्यात को प्रोत्साहित करने, राज्य के उत्पादों को वैश्विक बाजार से जोड़ने तथा 'एक जिला एक उत्पाद' योजना पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में सरकार, निर्यात प्रोत्साहन परिषदों, वित्तीय संस्थानों, उद्योग जगत तथा एमएसएमई क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यशाला में पद्मश्री डॉ. मिलिंद कांबले संस्थापक चेयरमैन डीआईसीसीआई ने सामाजिक रूप से समावेशी उद्यमिता, स्टार्टअप्स एवं एमएसएमई के सशक्तिकरण तथा निर्यात के माध्यम से रोजगार सृजन की संभावनाओं को रेखांकित किया। उन्होंने ओडीओपी पहल को स्थानीय उत्पादों को वैश्विक पहचान दिलाने का प्रभावी माध्यम बताया।

एमपीआईडीसी के प्रबंध संचालक चन्द्रमौली शुक्ला ने मध्यप्रदेश को एक उभरते हुए औद्योगिक और निर्यात हब के रूप में स्थापित करने के लिये राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों, बुनियादी ढांचे के विकास तथा निवेश अनुकूल नीतियों पर प्रकाश डाला।

महानिदेशक एसईपीसी डॉ. अभय सिन्हा ने 'वैश्विक बाजार में मध्य प्रदेश की स्थिति' विषय पर प्रस्तुति दी। उन्होंने राज्य के प्रमुख निर्यात क्षेत्रों, अंतरराष्ट्रीय मांग, गुणवत्ता मानकों तथा बाजार विस्तार की रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की। कार्यशाला में अतिरिक्त महानिदेशक एफआईईओ श्री सुविध शाह ने मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) की उपयोगिता, टैरिफ जोखिमों को कम करने तथा निर्यातकों को मिलने वाले लाभों की व्यावहारिक जानकारी साझा की इंजीनियरिंग क्षेत्र में निर्यात की संभावनाओं पर अतिरिक्त कार्यकारी निदेशक ईईपीसी इंडिया श्री रजत श्रीवास्तव ने राज्य की औद्योगिक क्षमताओं, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में भागीदारी और तकनीकी उन्नयन की आवश्यकता पर जोर दिया।

सनातन धर्म मंदिर में मनाया तुलसी पूजन महोत्सव

ग्वालियर, 25 दिसंबर। श्री सनातन धर्म मंदिर आज तुलसी पूजन महोत्सव श्रद्धा भाव से मनाया गया। संयुक्त प्रधानमंत्री राजेश बंसल ने जानकारी देते हुए बताया प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 25 दिसंबर को तुलसी पूजन महोत्सव का आयोजन किया गया। मंदिर प्रांगण में विराजमान तुलसी चौरे पर तुलसी जी को चुनरी ओढ़ा कर सुंदर श्रृंगार किया गया। संयुक्त प्रधानमंत्री राजेश बंसल एवं धर्म मंत्री रविंद्र सिंघल चौबे ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ तुलसी जी का विधिवत् पूजन किया। राजेश बंसल ने तुलसी जी के औषधिय एवं धार्मिक महत्व के बारे में जानकारी दी।

इस अवसर पर पंडित देवकांत मिश्रा,गगन शर्मा, हरिशंकर पाठक ,राकेश दीक्षित सहित भक्त श्रद्धालू उपस्थित थे।

देवेंद्र शाक्य को म.प्र. का प्रभारी बनने से समाजवादी आंदोलन को मिलेगी ताकत

ग्वालियर, 25 दिसंबर। समाजवादी पार्टी के सांसद देवेश शाक्य को मध्य प्रदेश का प्रभारी बनाए जाने पर ग्वालियर सहित मध्य प्रदेश समाजवादी पार्टी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का आभार व्यक्त किया। प्रेस को जारी विज्ञप्ति में समाजवादी पार्टी के प्रदेश महासचिव एवं ग्वालियर संभाग के प्रभारी रणवीर सिंह यादव ने बताया की सांसद देवेश शाक्य को मध्य प्रदेश का प्रभारी बनने से निश्चित तौर पर मध्य प्रदेश में पीडीए समाज को न्याय दिलाने के लिए समाजवादी आंदोलन को ताकत मिलेगी सांसद, पूर्व में विधायक मंत्री एवं बहुत ही अनुभवी व्यक्तित्व के धनी है प्रभारी बनाए जाने पर ग्वालियर सहित मध्य प्रदेश समाजवादी पार्टी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का आभार व्यक्त किया है एवं सांसद देवेश शाक्य को मध्य प्रदेश का प्रभारी बनाए जाने पर बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

पेज एक का शेष

एमपी का देश में सबसे तेजी से विकास

अमित शाह ने निवेशकों और युवाओं से अपील की कि वे मध्यप्रदेश में निवेश और उद्योग स्थापित करें, क्योंकि प्रदेश में हर क्षेत्र में अवसर हैं और आर्थिक विकास का संतुलित माहौल मौजूद है. केंद्रीय मंत्री ने स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी, पं. मदन मोहन मालवीय और सी. राजगोपालाचारी को भी श्रद्धांजलि दी और उनके योगदान को याद किया. उन्होंने कहा कि अटल जी के नेतृत्व में राज्य और देश में जनजातीय कल्याण, सड़क विकास और परमाणु शक्ति जैसे क्षेत्रों में महान कार्य हुए, जो मध्यप्रदेश और देश के विकास में मार्गदर्शक बने. अमित शाह ने बताया कि बसामन मामा गौ अभ्यारण्य में प्राकृतिक खेती के नए प्रयोग किसानों के लिए मार्गदर्शक साबित होंगे. उन्होंने कहा कि प्राकृतिक और जैविक खेती से उत्पन्न अनाज, फल और सब्जियां केमिकल-मुक्त और स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होती हैं. देश में 40 लाख से अधिक किसान प्राकृतिक खेती को अपना चुके हैं. गृहमंत्री ने जैविक उत्पादों के प्रमाणीकरण और विपणन के लिए 400 से अधिक लैब बनाने और सहकारी संस्थाओं के माध्यम से पैकेजिंग एवं मार्केटिंग की व्यवस्था पर भी प्रकाश डाला. उन्होंने बसामन मामा की श्रद्धांजलि स्वरूप अगली बरसात में कम से कम पांच पीपल के पौधे लगाने का आह्वान किया.

CHANGE OF NAME

I, **SEEMA BALASAHEB SHINDE** Wife of **BALASO BABASO SHINDE** Presently Residing at SMQ 5/8, Vayuvihar, Air Force Station, Digaru, P.O. & P.S.- Sonapur, District- Kamrup (M), State- Assam, Pin- 782402 have changed my Name from **SEEMA BALASAHEB SHINDE** to **SEEMA BALASO SHINDE** due to mismatch in my Son **SHINDEVAIBHAV BALASAHEB's** AIR FORCE Service Record. Vide Affidavit No. PF 0027636913 Dated 22/12/2025 before District Court, Kamrup (Assam).

CHANGE OF NAME

I, **SHINDE BALASAHEB BABASAHEB** Son of Late **BABASO SHINDE** Presently Residing at SMQ 5/8, Vayuvihar, Air Force Station, Digaru, P.O. & P.S.- Sonapur, District- Kamrup (M), State- Assam, Pin- 782402 have changed my Name from **SHINDE BALASAHEB BABASAHEB** to **BALASO BABASO SHINDE** due to mismatch in my Son **SHINDE VAIBHAV BALASAHEB's** Air Force Service Record. Vide Affidavit No. PF 0027636912 Dated 22/12/2025 before District Court, Kamrup (Assam).

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार सुमन सगर पत्नी श्री जन्डेल पिप्पल निवासी- 121/1 सिकंदर कम्पू कुशवाह मेरेज गार्डन के सामने, के.के. कॉलोनी गिर्द ग्वालियर म०प्र० ने एक भूखण्ड क्रमांक 153, एम.आई.जी.. ब्लॉक कमांक बी-5, सेक्टर ए-1, विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण (काउन्टर मेगनेट) ग्वालियर को श्री विजय कुमार पिपरौलिया पुत्र श्री गया प्रसाद पिपरौलिया निवासी - गौतम नगर कुम्हरपुरा थाटीपुर ग्वालियर ग्वालियर से क्रय करना तय किया है, तथा भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल 200 वर्गमीटर है जिसकी चर्तुसीमा निम्न प्रकार है :-

पूर्व में - आम रास्ता, पश्चिम में - भूखण्ड क्र. 160 उत्तर में-प्लॉट क्रमांक 154, दक्षिण - प्लॉट क्रमांक 152 उक्त भूखण्ड का मौखिक अनुबंध पत्र मेरे पक्षकार एवं भूखण्ड स्वामी के मध्य संपादित हो चुका है तथा उक्त भूखण्ड की रजिस्ट्री मेरे पक्षकार के हित में शीघ्र ही संपन्न करायी जाने वाली है। उक्त भूखण्ड के संबंध में यदि कोई व्यक्ति (पारिवारिक सदस्य / रिस्तेदार) संस्था, बैंक, नगर निकाय, या प्राईवेट फायनेंसर आदि अपना कोई ऋण, भार या जमानत संबंधी या अन्य किसी भी प्रकार का स्वत्व संबंधी दखल रखता हो तो वह मय प्रमाण पत्र मेरे कार्यालय में आज सूचना प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस में मय प्रमाण के साथ प्रस्तुत करें व पावती प्राप्त करें। बाद अवधि किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। और मेरे पक्षकार के विक्रय पत्र के संपादन के बाद प्रस्तुत समस्त प्रकार की आपत्तियां प्रभावहीन होकर शून्य मानी जावेगी। दिनांक-25.12.2025

दिनांक – 19-07-2021 प्रेषक
एन.एस. गुर्जर (नोटरी)
बी– 3 झवर स्टेट, थाटीपुर, ग्वालियर
Mob - 9300257664, 9131143645

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमान आकाश सिंह गुर्जर पुत्र श्री मोहर सिंह की एक अचल संपत्ति जिसका वार्ड क्र. 02, (महाकाल वार्ड), सरकारी प्राथमिक विद्यालय के पास (अम्बाह रोड से हटकर), ग्राम बड़ोखर व तहसील मुरैना नगर एवं जिला मुरैना के सर्वे क्र. 303/1/7 की होकर जिसकी चतुर्सीमाः- पूर्व में- भवन/भूमि मोहर सिंह, पश्चिम में- मकान मुन्नीबाई कुशवाहा, उत्तर में- आम रास्ता, दक्षिण में- भवन एलम गिरि व कुल क्षेत्रफल 914.6 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति पूर्व में श्रीमान छोटा पुत्र श्री घनश्याम के स्वत्व, स्वामित्व आधिपत्य की थी जिसका उल्लेख राजस्व विभाग के दस्तावेजों में विधिवत दर्ज है। तत्पश्चात श्रीमान छोटा पुत्र श्री घनश्याम द्वारा श्रीमान बाबू सिंह, श्रीमान आशाराम और श्रीमान विद्याराम पुत्रगण श्री होतम सिंह को रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र विलेख दस्तावेज क्र. 933 व दिनांक 25.05.1990 से विक्रय की गई जिसमें श्रीमान विद्याराम (लावल्द) पुत्र श्री होतम सिंह के फोत होने पर उनके कानूनी वारिस अर्थात श्रीमान बाबू सिंह एवं श्रीमान आशाराम पुत्रगण होतम सिंह के नाम राजस्व विभाग में समान भाग पर दर्ज हुए। तदुपरांत जिसमें श्रीमान बाबू सिंह के भी फोत होने पर उनके कानूनी वारिस अर्थात हेम सिंह, रामनिवास, मोहर सिंह, ऋषिकेश, रविंद्र, राधेश्याम, वीरेंद्र पुत्रगण एवं अमरेश, गिरजा, मनोज पुत्रियों के नाम राजस्व विभाग में उनके हिस्से पर समान भाग में दर्ज किए गए। तत्पश्चात जिसमें श्रीमान राधेश्याम के और फोत होने पर उनके कानूनी वारिस अर्थात मंजेश (पत्नी), शिवम, लव, कृष्णा पुत्रगण एवं शिविक्षा, सुभि, सुनैना पुत्रियों के नाम राजस्व विभाग में उनके हिस्से पर समान भाग में दर्ज किए गए। तत्पश्चात केवल श्रीमान आशाराम पुत्र श्री होतम सिंह, श्रीमान हेम सिंह, रामनिवास, मोहर सिंह, ऋषिकेश, रविंद्र, राधेश्याम, वीरेंद्र पुत्रगण एवं अमरेश, गिरजा, मनोज पुत्रियाँ स्व. श्री बाबू सिंह द्वारा श्रीमान आकाश सिंह गुर्जर पुत्र श्री मोहर सिंह को ई-रजिस्टर्ड विक्रय-पत्र विलेख दस्तावेज क्र. MP27IGR17912025 A100831173 व दिनांक 16.09.2025 से विक्रय की गई। अतः मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान ग्वालियर के समक्ष उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत होकर बंधक किए जाना प्रस्तावित है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय, बैंक या किसी अन्य उत्तराधिकारी का किसी पूर्ण या अंश भाग पर या किसी भी संस्था की कोई राशि अवशेष हो तो इस सूचना के प्रकाशन से 07 (सात दिवस) की अवधि में विधिवत अपने दावे के समर्थन में समस्त प्रपत्र सहित मेरे कार्यालय में संपर्क कर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा वर्णित अवधि के अवसान उपरांत समस्त आपत्तियां इस सूचना प्रपत्र के समक्ष व्यर्थ, शून्य व प्रभावहीन होगी और उक्त संपत्ति पर प्रदत्त ऋण हेतु बंधककर्ता वित्तीय संस्थान का अधिकार सर्वोपरि होगा। कृपया सूचित हो। इति दिनांक 25.12.2025

प्रेषक-**विशाल अग्रवाल** (एडवोकेट)
कार्यालय -"मैसर्स श्री हीरानन्द लीगल कंसल्टेंट" ग्राउंड फ्लोर, यादव मार्केट, जीवाजी यूनिवर्सिटी गेट नंबर 2 के पास, सिटी सेंटर ग्वालियर मो.9826820987

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग रायसेन (म.प्र.)

ईमेल:- eepwdraisen@mp.nic.in दूरभाष /फेक्स क्रमांक. 07482-222051

निविदा सूचना

निविदा सूचना क्र. 25/व.ले.लि./ रायसेन /2025-26 — रायसेन, दिनांक 17.12.2025

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर आई.डी.	जिला	कार्य का प्रकार	कार्य का नाम	आमंत्रण क्र.	कार्य की अनु. राशि (रु.लाख में)	रिमार्क।
1	2	3	4	5	6	7	
1.	2025_PWDRB_469478_1	रायसेन	निर्माण कार्य।	नीगरी से भोडियां मार्ग का निर्माण कार्य लम्बाई 2.50 कि.मी.	प्रथम	268.70	
2.	2025_PWDRB_469492_1	रायसेन	बी.टी. नवीनीकरण	बेगमगंज सुल्तानगंज मार्ग से सुनवाहा मार्ग सुल्तानगंज वायपस मार्ग पर बी.टी. नवीनीकरण कार्य लम्बाई 1.90 कि मी.	द्वितीय	25.61	
3.	2025_PWDRB-469512_1	रायसेन	बी.टी. नवीनीकरण	गवई से सिद्धेश्वर धाम कंजेला मार्ग पर बी.टी. नवीनीकरण नवीनीकरण कार्य लम्बाई 1.30 कि मी.	प्रथम	13.31	
						307.62	

उपरोक्त वेबसाइट आनॅलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की 05/01/2026, (17.30) बजे अंतिम तिथि निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

G- 23357/25

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग, रायसेन
संभाग रायसेन